आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक 01.06.2024 समय 18.30

- सातवें और अंतिम चरण के मतदान होने के साथ ही 18वीं लोकसभा के चुनाव की मतदान प्रक्रिया पूरी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की।
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई स्थानों पर आंधी–बारिश के बाद तापमान में गिरावट।
- उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पशु चिकित्सा अधिकारी भर्ती प्रक्रिया पर लगी रोक हटाई।

000

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण का मतदान आज शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस चरण में 57 सीटों के लिए वोट डाले गये। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये आंकड़ों के अनुसार शाम पांच बजे तक इन निर्वाचन क्षेत्रों में करीब 58 प्रतिशत वोट डाले गये। आज आखिरी चरण के साथ ही लोकसभा चुनाव की सभी सीटों पर मतदान प्रक्रिया पूरी हो गई है। मतगणना 4 जून को होगी जिसके लिये सभी मतगणना केन्द्रों पर व्यापक तैयारियां की गई हैं। मतगणना केन्द्रों पर सुरक्षा के माकूल इंतजाम किये गये हैं।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज सचिवालय में एक उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। इस बैठक में गृह विभाग और पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों के अलावा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से रेंज के पुलिस महानिरीक्षक और जिलों के पुलिस अधीक्षक भी जुड़े। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जन में पुलिस के प्रति विश्वास रहे और अपराधियों में भय रहे यह सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को भय मुक्त वातावरण मिलना चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि किसी इलाके मे यदि अपराध की बड़ी घटना होती है तो उस से संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा की भ्रष्ट अधिकारी को दंडित और ईमानदार अधिकारियों को प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ कड़ी वह कार्रवाई करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि बिना किसी के प्रभाव में आए ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

श्री शर्मा ने साइबर क्राइम और नशे के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

000

प्रदेश में प्रशासनिक अधिकारियों को फील्ड में रहने के निर्देशों के बाद जिला कलेक्टर गांवों, कस्बों में जाकर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। इसी क्रम में बारां जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने किशनगंज उपखंड की जलवाडा ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों के परिवाद सुने। जनसुनवाई में पानी, बिजली आपूर्ति, सड़क समेत कुल 59 प्रकरण प्राप्त हुए। जिला कलेक्टर ने ज्यादातर शिकायतों के निस्तारण के लिए परिवादी से सीधा संवाद कर संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। शेष प्रकरणों में अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर निस्तारण होने की समयबद्ध सूचना परिवादी को देने के निर्देश दिए गए। चूरू ज़िले के ताल छापर में जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने रात्रि चौपाल लगाकर लोगो की समस्या सुनी और अधिकारियो को मौके पर ही निर्देश देकर समस्याओं का समाधान किया।

0000

झुंझुनूं के किडनी कांड कें आरोपी डॉ. संजय धनखड़ के खिलाफ कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि मेडिकल बोर्ड की जांच रिपोर्ट में डॉ. धनखड़ की चिकित्सकीय लापरवाही सामने आई है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच शहर कोतवाल पवन चौबे को सौंपी गई है। इस मामले में सभी तथ्यों पर अनुसंधान होगा।
प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने गलत ऑपरेशन करने वाले डॉ. संजय धनखड़ का राजस्थान मेडिकल कौंसिल से रजिस्ट्रेशन निरस्त करने के लिए चिकित्सा विभाग को पत्र लिखा है।

000

राजधानी जयपुर में अब रात 12 बजे बाद क्लब, रेस्टोरेंट और बार चलाने पर पाबंदी रहेगी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कुंवर राष्ट्रदीप ने इस संबंध में आदेश जारी किये हैं। उन्होंने कहा कि नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी। आदेश के अनुसार इन जगहों पर 12 बजे बाद किसी भी तरह की गतिविधि संचालित नहीं होगी।

000

तेल विपणन कंपनियों ने व्यावसायिक एल.पी.जी. सिलेंडर की कीमतों में 69 रुपये पचास पैसे की कटौती की है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने बताया कि दिल्ली में व्यावसायिक सिलेंडर का मूल्य एक हजार छह सौ 76 रुपये होगा। इसके अलावा विमान ईंधन की कीमतों में भी साढे छह प्रतिशत की कमी की गई है।

000

.......................

प्रदेश में आज पश्चिमी विक्षोभ के असर से बादल छाने और बूंदा–बांदी होने से तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की गई है। जयपुर में दोपहर में बादलों की लुका–छिपी चलती रही। इससे पहले सुबह बूंदा–बांदी हुई। जयपुर ग्रामीण जिले के कई हिस्सों में आंधी और रिमझिम बरसात का दौर चला। रेनवाल में इस दौरान तापमान में 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। जोबनेर में भी बारिश हुई। टोंक में आज सुबह से ही तेज गर्मी और ऊमस से लोग बेहाल रहे।

वहीं दोपहर बाद अचानक तेज गर्जना और हवाओं के साथ बूंदा–बांदी हुई जिससे आमजन को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। भरतपुर में भी दोपहर में बारिश हुई। बरसात के साथ–साथ ठंडी हवाएं चलने से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। श्रीगंगानगर में शाम को तेज आंधी आई। शहर के आसपास कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी हुई है। वहीं बूंदी जिले में आज भी गर्मी का प्रकोप बना रहा। सवाईमाधोपुर जिले में आज भी तापमान में बढोतरी होने से भीषण गर्मी का असर बना हुआ है। विभिन्न संगठनों की ओर से सार्वजनिक स्थानों पर राहगीरों के लिए शरबत और पेयजल के काउंटर लगाए गए हैं। कुछ संस्थाएं पशु–पक्षियों के लिए चारे–पानी की व्यवस्था भी कर रहे हैं। जैसलमेर में हवाओं का दौर चलने से तापमान में थोडी गिरावट जरूर हुई लेकिन गर्मी से राहत नहीं मिली है। भीषण गर्मी के चलते दोपहर के समय बाजारों में सन्नाटा पसरा नजर आया वहीं सीमा पर भी अंगारे बरसाती गर्मी के बावजूद जवानों के हौसले बुलंद हैं तथा वे पैनी निगाहों से रहद की सुरक्षा में जुटे हैं। चूरू में लू चलने से आम जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित रहा। इस बीच मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी 24 घंटों में जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में तेज आंधी चलने और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

..................

प्रदेश में भीषण गर्मी के इस दौर में सिरोही जिले के माउंट आबू में पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है।

................

000

उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पशु चिकित्सा अधिकारी भर्ती प्रक्रिया पर लगी रोक हटा ली है। उच्चतम न्यायालय की ओर से कल इस बारे में निर्णय दिया गया। इस निर्णय से लंबे समय से इस भर्ती के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थियों को राहत मिलेगी। आयोग ने 22 अक्टूबर 2019 को इस भर्ती की विज्ञप्ति जारी की थी, जिसके तहत 2 अगस्त 2020 को लिखित परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा के परिणाम 26 नवंबर 2020 को घोषित किए गए, जिसके बाद साक्षात्कार के दस चरण भी पूरे  कर लिये गये हैं। हालांकि, 6 अक्टूबर 2023 को उच्चतम न्यायालय ने इस भर्ती में नियुक्ति पर रोक लगा दी थी, विभाग की ओर से न्यायालय में मजबूती से पक्ष रखा गया। जिसके बाद न्यायालय ने भर्ती पर से रोक हटा दी है। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे न केवल युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि राज्य के पशुपालन क्षेत्र को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि विभाग शीघ्र ही नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करेगा।

000

जैसलमेर जिले के पोकरण में सीमा सुरक्षा बल की 87वीं बटालियन का स्थापना दिवस आज धूमधाम से मनाया जा रहा है। स्थापना दिवस के अवसर पर आज सवेरे तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। पोकरण शहर में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा से इस यात्रा का स्वागत किया गया। ये यात्रा नेपालेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर गुरुद्वारा पर पहुंचकर सम्पन्न हुई।

000

राजस्थान विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया दो दिन के लिए स्थगित कर दी गई है। प्रवेश प्रकिया आज से शुरू होने वाली थी।यूजी कोर्सेज में 7000 से ज्यादा सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया अब 3 जून से 12 जून तक चलेगी। 13 और 14 जून को आवेदन में की गई गलतियों को सुधारने का मौका दिया जाएगा। इसके बाद फाइनल कट ऑफ लिस्ट जारी की जाएगी, जिसके आधार पर बीए, बीकॉम, बीएससी पास कोर्स, ऑनर्स कोर्स और सर्टिफिकेट कोर्स में एडमिशन मिल सकेगा।

000

विश्व पर्यावरण दिवस के सिलसिले में राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा लैन्स फॉर ए ग्रीनर वर्ल्ड' फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरित जीवनशैली को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता के विजेताओं को 5 जून को आयोजित समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। पहले स्थान पर रहने वाले प्रतियोगी को 15 हजार रूपये दूसरे स्थान पर दस हजार रूपये और तीसरे स्थान के लिए पांच हजार रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

000